मेरे श्याम | By Soniya Singhal

जब तक जीवन हो मेरे श्याम तेरा साथ ना छूटे रे
जब तक जीवन हो
साथ ना छूटे साथ ना छूटे साथ ना छूटे रे
जब तक जीवन हो .....

मेरे मन के मंदिर में तुझ से ही उजाला होवे रे
हर पल तेरा नाम रटूं तुझको ना भूलूँ रे
जब तक जीवन हो .....

क्षमा करे अपराध है जो भी शरण सांवरे रख लेवे
अपनों से बढ़ कर सहारा दिया है तूने रे
जब तक जीवन हो .....

तेरा मेरा सांवरिया ये रिश्ता बड़ा पुराना रे
तुझसे जुडी ये प्रीत की डोरी कभी ना टूटे रे
जब तक जीवन हो .....

जीवन है कर्मो का सफर कभी धुप कभी हो छाया रे
राकेश को तेरे नाम से जाने सोनिया को भी तू अपना बना ले दर ना छूटे रे
जब तक जीवन हो .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-soniya-singhal/